तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 16 मई 2026

2 प्रधानमंत्री की अपील ने जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया : कांग्रेस





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
16 मई 2026
कूपन नं. 2

## खबर संक्षेप

### शिविर में प्रकरणों का मौके पर निराकरण

**रायगढ़।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के ग्राम राजपुर में आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का उत्साह एवं प्रशासन के प्रति विश्वास देखने को मिला। शिविर में क्लस्टरवार 23 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया थाए जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में 1100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, पंचायत, खाद्य, स्वास्थ्य, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े प्रकरण प्रमुख रहे। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को त्वरित राहत प्रदान की गई। शिविर में पहुंचे राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और आमजन के बीच मजबूत संवाद का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

### 18 किशोरियों को लगाया गया टीका

**रायगढ़।** डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में महिलाओं में ग्रीवा कैंसर सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीव्ही टीकाकरण अभियान रायगढ़ शहरी क्षेत्र में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 मई को रायगढ़ शहरी क्षेत्र में कुल 18 बालिकाओं का एचपीव्ही टीकाकरण किया गया। यह टीकाकरण जिले के तीन प्रमुख कोल्ड चैन प्वाइंट शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर जूटमिल एवं किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में किया जा रहा है।


### 7 दिनों में 17 वाहन एवं मशीन जब्त

**रायगढ़।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। सहायक खनि अधिकारी आशीष गड़पाले एवं जिला खनिज जांच दल द्वारा विगत 7 दिनों में व्यापक अभियान चलाकर अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों और वाहनों पर बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान रेत एवं चूनापत्थर के अवैध उत्खनन और परिवहन में उपयोग किए जा रहे कुल 17 वाहन एवं मशीनें जप्त की गई हैं। जप्त किए गए वाहनों में 06 हाईवा, 02 ट्रेल, 05 ट्रेक्टर, 01 ट्रेक्टर लोडर, 02 जेसीबी एवं 01 चैन माउंटेन मशीन शामिल हैं। सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़, थाना खरसिया, थाना घरघोड़ा एवं थाना पूंजीपथरा में रखा गया है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज जांच दल द्वारा ग्राम छिरभौना, तहसील घरघोड़ा में विजय कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 01 जेसीबी एवं 03 ट्रेक्टर जप्त किए गए। वहीं ग्राम चन्द्रशेखरपुरए तहसील खरसिया में रितेश गुप्ता के विरुद्ध कार्रवाई कर 01 चैन माउंटेन मशीनए 01 जेसीबी और 02 हाईवा जप्त किए गए। इसी तरह ग्राम लेबड़ा में चेतक पटेल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 01 ट्रेक्टर लोडर एवं 02 हाईवा जप्त किए गए। इसके अतिरिक्त अवैध परिवहन के मामलों में चूनापत्थर के 4 प्रकरण एवं रेत के दो प्रकरणों में हाईवा एवं ट्रेक्टरों पर भी कार्रवाई की गई। सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015, खान एवं खनिज विकास एवं विनियमनद्ध अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23,क तथा छत्तीसगढ़ खनिज खनन परिवहन एवं भण्डारण नियम 2009 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पेट्रोलियम कंपनियों ने बंद की उधारी सप्लाई, पहले भुगतान फिर हो रही डिलीवरी

# पेट्रोल-डीजल पर महंगाई का अटैक पहली बार 4 रुपए तक बढ़ी कीमतें





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार से पेट्रोल व डीजल दोनों की ही कीमतों में बढ़ोत्तरी देखने को मिली। पहली बार दोनों की कीमतें एक बार में ही 3.50 रूपए तक बढ़ गईं। कीमतें बढ़ने से जहां एक ओर जनता में नाराजगी देखने को मिल रही हैं, वहीं दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल लेने के लिए शहर के सभी पेट्रोल पंप में लंबी कतारें भी नजर आईं। यहां लोग सुबह करीब 6 से लाइन लगाए नजर आए। इसी बीच कुछ पेट्रोल पंप के ड्राई होने की भी खबरें सामने आईं।

बता दें कि गुरूवार को ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी की खबरें सामने आने के बाद से ही शहर के अपेक्स पेट्रोल पंप, मेहता पेट्रोल पंप सहित अन्य पेट्रोल पंप में काफी भीड़ एकत्र हो गई। कई लोग ऐसे भी मिले जो अक्सर अपनी बाइक पर 100 से 200 रूपए का ही पेट्रोल डलवाते थे, लेकिन पेट्रोल की कमी होने की सूचना सामने आने के बाद लोगों ने पैनिंग बाइंग शुरू कर दी और अपनी बाइक या कार के पेट्रोल टैंक फुल कराते नजर आए। मुख्य बात यह रही कि शासन लगातार पेट्रोल-डीजल के पर्याप्त स्टॉक होने और किसी प्रकार की कमी नहीं होने की बात कहते हुए लोगों से पैनिक बाइंग नहीं करने को अपील कर रही हैं, लेकिन पेट्रोल पंप में लगी भीड़ से पता चलता है कि लोगों ने शासन की इस अपील को अनदेखा कर दिया। बताया जा रहा है कि रायगढ़ जिले में पेट्रोल-डीजल की डिलीवरी कोरबा डीपो से की जाती है। पहले पेट्रोल पंप संचालक अपनी जरूरत के हिसाब से ट्रैंकर मंगाते थे, जिसमें उन्हें बचा हुआ पैमेंट जमा करने के लिए 4 दिन का समय पेट्रोलियम कंपनियां या डीपो संचालक देते थे। यानी पेट्रोल पंप संचालक सीधे तौर पर क्रेडिट में पेट्रोल-डीजल की खरीदी कर सकते थे। किंतु बीते कुछ दिनों से पेट्रोलियम कंपनियों ने क्रेडिट पर की जाने वाली खरीदी को बंद कर दिया है। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालकों को अब पैसे पैमेंट कर पेट्रोल-डीजल मंगवाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि स्टॉक के लिए डिलीवरी देते समय ही पैमेंट करना पड रहा है। बिना पैमेंट डिलीवरी नहीं दी जा रही है। पेट्रोल व डीजल की बढी कीमतों के बारे में बात करें तो ऐसा पहली बार हुआ है, जब सीधे एक बार में ही 3.50 रूपए की बढोतरी की गई है। अपेक्स पेट्रोल पंप मैनेजर काशीराम देवांगन ने बताया कि एक बडे टैंकर में 18 हजार लीटर पेट्रोल या डीजल आता है। बीती शाम को 9 हजार लीटर पेट्रोल प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही 4 हजार 500 लीटर डीजल व प्रीमियम पेट्रोल की भी आपूर्ति की गई है।

#### कई पंप में डीजल की बिक्री बंद

जानकारी के अनुसार शहर में मौजूद पेट्रोल पंप में डीजल का स्टॉक कम होने की वजह से लिमिट में बिक्री की गई तो कुछ में डीजल का स्टॉक ही खत्म हो गया। ऐसे में उन पंप में डीजल की बिक्री बंद करनी पडी। आलम यह रहा कि मेहता पेट्रोल पंप में दोपहर तक पेट्रोल-डीजल का स्टॉक ही खत्म हो गया। वहीं सीएम के दौरे को देखते हुए यातायात थाना के बाजू में स्थित पेट्रोल पंप में बिक्री बंद करनी पडी, क्योंकि अधिकतर शासकीय व पुलिस वाहन में डीजल इसी पेट्रोल पंप से डलवाया जाता है।

#### बाइक में 500 व कार में 4000 की लिमिट

पेट्रोलियम कंपनी के सेल्स ऑफिसर ने गुरूवार की रात को सभी पेट्रोल पंप संचालकों को बाइक व कार सहित अन्य भारी वाहनों के लिए पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर लिमिट लगाई है। हालांकि कुछ पेट्रोल पंप में यह लिमिट अधिक और कम भी है। अपेक्स पेट्रोल पंप मैनेजर काशीराम देवांगन ने बताया कि यह आदेश मौखिक रूप से दिया गया है, जिसमें बाइक के लिए 500 और कार आदि के लिए 4 हजार का लिमिट लगाया गया है।

#### ऐसे बढ़े अब तक पेट्रोल-डीजल के दाम (रुपए/पैसे में)

**पेट्रोल**

| तारीख | कीमत | बढ़े/ घटे |
|---|---|---|
| 30/10/2024 -- | 100.41 | 00 |
| 01/05/2025 -- | 100.40 | 0.01 |
| 06/03/2026 -- | 100.41 | 0.01 |
| 01/04/2026 -- | 100.42 | 0.01 |
| 15/05/2026 -- | 104.53 | 4.11 |

**डीजल**

| तारीख | कीमत | बढ़े/ घटे |
|---|---|---|
| 30/10/2024 -- | 94.35 | 00 |
| 06/03/2026 -- | 94.36 | 0.01 |
| 15/05/2026 -- | 97.52 | 3.16 |

# खैरपुर में युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरा रोड थाना क्षेत्र के खैरपुर गांव स्थित सीतापुर बस्ती में शुक्रवार सुबह हंगामा मच गया, जब एक युवक की खून से लथपथ लाश बरामद हुई। मृतक का सिर भारी पत्थर से बेरहमी से कुचला गया था। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे ग्रामीणों ने सीतापुर बस्ती के पास युवक का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना कोतरा रोड पुलिस को दी गई। पुलिस टीम फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान भगवानपुर निवासी तिलक वर्मा 23 के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे तिलक अपने दोस्तों के साथ जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह खैरपुर गांव में शव मिलने की सूचना मिली। ग्रामीणों के मुताबिक, तिलक को रात में गांव के ही एक युवक के साथ देखा गया था।

ऐसे में पुलिस आपसी विवाद और पुरानी रंजिश के एंगल से भी जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि किसी विवाद के बाद अज्ञात आरोपियों ने पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही उन लोगों से पूछताछ की जा रही है, जिनके साथ मृतक को आखिरी बार देखा गया था। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# इंस्टाग्राम फ्रेंड बनकर युवती से छेड़खानी और धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार




**रायगढ़।** सोशल मीडिया के माध्यम से युवती से दोस्ती कर छेड़खानी, धमकी और अश्लील फोटो-वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को महिला पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। गिरफ्तार आरोपी सौरभ सिंह राजपूत पिता श्याम किशोर सिंह 24 निवासी लश्करगंज थाना टिकारी जिला गया बिहार का रहने वाला है। पीड़िता ने 14 मई को महिला थाने में शिकायत की थी। बताया कि करीब 7-8 माह पहले उसकी पहचान आरोपी से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। 05 जनवरी को आरोपी रायगढ़ आया और मेडिकल कॉलेज रोड चक्रधरनगर क्षेत्र में युवती को बुलाकर पसंद करने की बात कहते हुए गलत नियत से हाथ पकड़कर छेड़खानी की तथा घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण पीड़िता ने यह बात अपने परिजनों को नहीं बताई। इसके बाद आरोपी लगातार फोन कर युवती को परेशान करता रहा और बातचीत बंद करने पर जान से मारने की धमकी देता रहा। बीते 30 अप्रैल को आरोपी ने युवती को साथ घूमने चलने का दबाव बनाया और मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। भयभीत युवती आरोपी के साथ मथुरा चली गई। बीते 04 मई को युवती ट्रेन से वापस रायगढ़ लौटी, लेकिन आरोपी उसका मोबाइल अपने पास रख लिया और केवल सिम वापस किया। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने पूरी घटना अपने माता.पिता को बताई। इसके बाद आरोपी युवती से मिलने की जिद करते हुए इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से युवती के परिजनों को अश्लील फोटो और वीडियो भेजकर धमकाने लगा। शिकायत पर महिला पुलिस रायगढ़ में आरोपी के खिलाफ धारा 74, 75, 79, 351,3 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। आरोपी को रेलवे स्टेशन के पास देखा गया। इसके महिला पुलिस ने ने पीछा करते हुए चक्रधरनगर क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वयं को यूट्यूबर बताया और अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### जिला स्तरीय वर्ग प्रशिक्षण महा अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक



**रायगढ़।** जिला स्तरीय वर्ग प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियों को लेकर आज एक अहम बैठक सम्पन्न हुई जिसमें पूर्व महापौर किशोर राय उपस्थित रहे। तैयारियों का जायजा लेते हुए किशोर राय ने सभी प्रभारियों से समन्वय बनाकर जिम्मेदारी निभाने का आग्रह करते हुए कहा सभी मिलकर इस महाअभियान को ऐतिहासिक बनाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। वही जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा प्रशिक्षण वर्ग संगठन की मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम हैए इससे कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से नई ऊर्जा प्राप्त होती है। हमें इस अवसर का पूर्ण उपयोग करना चाहिए।

# पुनर्वास और मुआवजा राशि को लेकर असमंजस ग्रामीणों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गारे पेलमा कोल माइंस परियोजना से प्रभावित गांवों के ग्रामवासियों ने मुआवजा वितरण में भेदभाव और अनियमितता सहित पुनर्वास की नीति स्पष्ट नहीं करने का गंभीर आरोप लगाया है। गुरूवार की दोपहर को करीब आधा दर्जन से अधिक प्रभावित गांव के ग्रामवासियों ग्राम पंचायत हिंझर में विशेष बैठक आयोजित कर आगामी 19 मई को होने वाली जनसुनवाई का विरोध करने के लिए रणनीति तैयार की। वहीं शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंच कर जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रभावित ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समान मुआवजा दिलाने और मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि ग्राम पंचायत हिंझर, जरीडीह, उरबा, लालपुर सहित 14 प्रभावित ग्रामवासियों की करीब 2 हजार हेक्टेयर से अधिक जमीनों का अधिग्रहण करने का फरमान तो जारी कर दिया गया, लेकिन अब तक उन्हें विस्थापित करते हुए कहां बसाया जाएगा यह स्पष्ट नहीं किया गया है। अब भी पुनर्वास को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर मुआवजे की रकम में भेदभाव और अनियमितता की स्थिति देखने को मिल रही है। प्रभावित ग्राम पंचयतों व ग्रामों को एक निश्चित एवं एक समान मुआवजा राशि प्रदान करने के बजाए किसी को कम तो किसी को अधिक रकम दी जा रही है। जिसका वे शुरू से ही विरोध कर रहे हैं। इसके साथ ही कई बार मांग करने के बाद भी इन मुद्दों पर कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया जा रहा है, जबकि जुबानी आश्वासन के भरोसे ग्रामीण अपनी पुस्तैनी जमीनें कपनीं प्रबंधन को देने का तैयार नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर रोजगार को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। गुरूवार को ग्रामीणों की बैठक में इन्ही मुद्दों को लेकर चर्चा हुई, जिसमें ग्रामवासियों ने एक स्वर में जनसुनवाई का पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया और अपनी मांगों पर अडे रहने की बात कही। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित किसानों को बाजार मूल्य के अनुसार समान मुआवजा और पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। वहीं प्रशासन की ओर से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

#### कम मुआवजे से आर्थिक नुकसान व बरोजगारी

ग्रामवासियों ने सवाल उठाया कि एक ही गांव और एक जैसी जमीन होने के बावजूद कुछ किसानों को अधिक और कुछ को बेहद कम मुआवजा दिया जा रहा है। जिससे प्रभावित परिवारों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि कई किसान वर्षों से खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन परियोजना के कारण उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई। इसके बावजूद उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल सका। प्रभावितों का कहना है कि जिन किसानों को कम राशि दी गई है, वे अब आर्थिक संकट और बेरोजगारी की स्थिति में पहुंच गए हैं। कुछ परिवारों को रोजगार और पुनर्वास का लाभ नहीं मिला, जबकि अन्य लोगों को इसका फायदा दिया गया है।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, मच गई चीख पुकार

**कुड़ेकेला।** रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुड़ेकेला मुख्य मार्ग पर आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के सामने के हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए। इस हादसे के बाद सड़क पर चीख पुकार मच गई जिसे सुनकर आस पास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में शामिल पहली बाइक स्प्लेंडर में कछार निवासी परिवार सवार था। वहीं दूसरी बाइक में पत्थलगांव क्षेत्र के दुदुंगजोर कांसाबहार निवासी एक दंपति अपने दो मासूम बच्चों के साथ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों गाड़ियां विपरीत दिशा से आ रही थीं और अचानक अनियंत्रित होकर आमने सामने भिड़ गईं। टक्कर होते ही बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। गनीमत यह रही कि इतनी बड़ी टक्कर के बावजूद किसी की जान नहीं गई हालांकि सभी सवारों को चोटें आई हैं। मदद को दौड़े ग्रामीण भेजा गया अस्पताल हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को संभाला। बच्चों की चीखें सुनकर स्थानीय लोग सहम गए थे। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तुरंत उठाकर प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छाल भेजा गया।

### कोर्ट से पैदल पहुंचे एसपी कार्यालय, मृतका की बहन ने भी मांगा न्याय

# महिला अधिवक्ता हत्याकांड: संघ ने एसएसपी से की जल्द गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बीते दिनों पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के गांव तुमीडीह के जंगल में एक युवती की नग्न लाश मिली थी, जिसकी पहचान महिला अधिवक्ता के रूप में हुई। मृतिका की पहचान होने के बाद जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व सदस्य शुक्रवार को न्यायालय परिसर से रैली की शक्ल में एसएसपी के पास पहुंचे और इस हत्याकांड के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की, इस दौरान अधिवक्ता संघ के साथ मृतिका की बहन भी मौजूद थी। मृतिका की बहन ने नम आंखों से एसएसपी से न्याय की मांग की। एसएसपी ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। लैलूंगा निवासी एक युवती कुछ वर्षों से रायगढ में रहते हुए जिला न्यायालय में वकालत करती थी। बीते दिनों तुमीडीह के जंगल से उसकी लाश पुलिस ने बरामद की थी। शुरूआती जांच में उसकी शिनाख्त हो गई थी, जिसके बाद अधिवक्ता संघ में हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठने लगी। इसी बीच जब इस घटना के तीन दिन बीतने के बाद भी हत्यारों तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है तो शुक्रवार को न्यायालय परिसर में दिवंगत महिला अधिकवक्ता की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित की गई। इसके बाद जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी सहित दिवंगत अधिवक्ता की बहन और समस्त सदस्य रैली की शक्ल में एसएसपी शशिमोहन सिंह से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने जघन्य हत्याकांड के आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान काफी संख्या में महिला अधिवक्ता भी उपस्थित रहीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिवक्ता संघ सहित मृतिका की बहन को आश्वासन दिया कि हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी होगी। एसएसपी श्री सिंह ने कहा कि इस हत्याकांड से संबंधित कुछ संदेहियों को हिरासत में लेते हुए पूछताछ जारी है, जल्द ही आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में आएंगे।

#### पैरवी नहीं करने का निर्णय

इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष लालमणि त्रिपाठी ने बताया कि जनवरी 2026 में ही मृतिका ने संघ की सदस्यता लेते हुए कनिष्क अधिवक्ता के रूप में वकालत कर रही थी। अधिवक्ता संघ ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता संघ का कहना है कि उन्होंने आरोपियों की न्यायालय में पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है। वहीं यदि अपराधी दूसरे जिले के अधिवक्ता बुलाते है तो उनसे भी पैरवी नहीं करने का निवेदन किया जाएगा।

#### बहन की आवाज में अनजान ने की बात

दिवंगत अधिवक्ता की बहन ने बताया कि उसने अपनी बहन को को फोन किया था, तब किसी युवती ने फोन रिसीव किया और अराधना के सोने की बात कहते हुए कॉल कट कर दिया। जिसके बाद कॉल करने पर किसी अनजान युवती ने कॉल उठाया और अंततः मोबाइल नंबर बंद हो गया, जिसके बाद थाने में अराधना की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## खबर संक्षेप

### पेड़ के नीचे गुड़ बेच रहे वृद्ध पर गिरा डंगाल, मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी कोलटापारा निवासी मिनकेतन प्रधान आ. स्व. गनसो प्रधान (62 वर्ष) 13 मई को लखनपुर साप्ताहिक बाजार में गुड़ बेचने गया था। ग्रामीण लखनपुर सेन्ट्रल बैंक के बगल में पीपल पेड़ के नीचे चबूतरा में बैठक कर गुड़ बेच रहा था। दोपहर 3 बजे मौसम बदलने के साथ तेज आंधी तूफान चलना शुरू हो गया। इसी बीच पीपल पेड़ का मोटा डंगाल टूट कर ग्रामीण के ऊपर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। घायल को तत्काल लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शाम 5.40 बजे ग्रामीण की मौत हो गई।

### 75 हजार के नशीले इंजेक्शन, एक गिरफ्तार

**सूरजपुर।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने 75 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी बसदेई पुलिस ने रेल्वे स्टेशन में अंबिकापुर-दुर्ग ट्रेन का आने का समय होने पर स्टेशन सूरजपुर रोड जाकर स्टेशन के बाहर ट्रेन से उतर कर आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ किया जा रहा था उसी समय एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन के बाहर हाथ में झोला रखा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने नाम मदनेश्वर प्रसाद आ. स्व. राम रतन (35 वर्ष) व ग्राम सोनपुर चौकी बसदेई का होना बताया। पुलिस ने उसके पास रखे झोला की तलाशी ली तो 75 हजार रुपये कीमत का नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि एक व्यक्ति 20 हजार रुपये नशीली इंजेक्शन खरीदने के लिए दिया था जिसके बाद मध्यप्रदेश के एक जिले के एक मेडिकल स्टोर से नशीली इंजेक्शन खरीदकर ला रहा था। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### नीम कोटेड यूरिया से भरा पिकअप, 70 बोरी खाद जब्त

**सीतापुर।** कृषि विभाग ने नीम कोटेड यूरिया से भरे पिकअप को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पिकअप से 70 बोरी नीम कोटेड यूरिया बरामद किया गया है। कोचिए भविष्य में कालाबाजारी के लिए यूरिया का अवैध रूप से भंडारण कर रहे थे। फिलहाल जब्त किए गए वाहन व आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बता दें कि सरगुजा में खेती के समय यूरिया की कालाबाजारी चरम पर होती है। यूरिया की किल्लत का फायदा उठाकर कोचिए व तस्कर किसानों को मोटी कीमतों पर यूरिया की बिक्री करते है लेकिन वर्तमान में ना ही धान के फसल की तैयारी शुरू हुई है और ना ही किसानों को किसी अन्य फसल के लिए यूरिया की जरुरत है लेकिन कोचिया अभी से ही यूरिया के भंडारण में जुट गए है। इसका एक मात्र उद्देश्य खेती के समय किसानों को मोटी कीमतों पर यूरिया बिक्री कर उनकी मजबूरी का फायदा उठाना है। यही वजह है कि कोचिया बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में यूरिया का भंडारण कर रहे है। इस बीच कृषि विभाग को भी सूचना मिली थी कि पिकअप से अवैध रूप से यूरिया का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद कृषि विभाग ने पुलिस की मदद से सीतापुर थाना क्षेत्र में घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्ध पिकअप वाहंक क्रमांक सीजी 14 एमके 6568 को रोका गया। जब टीम ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में 70 बोरी नीम कोटेड यूरिया लोड था। जब कृषि विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालक से खाद के दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। चालक बिना किसी दस्तावेज के ही नीम कोटेड यूरिया खाद पिकप वाहन के जरिए कालाबाजारी के लिए ले जा रहा था। इस संबंध में उर्वरक निरीक्षक संतोष बेक ने बताया कि उक्त नीम कोटेड यूरिया खाद अवैध रूप से पत्थलगांव से मैनपाट खपाने ले जाया जा रहा था।

ग्रामीणों की मांग पर पटवारी का प्रभार बदलने के मौके पर ही दिए निर्देश

# तीन ओर पहाड़ से घिरे दूरस्थ गांव कुरूमढोढ़ा में लगी प्रशासन की चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगीचा अनुविभाग अंतर्गत तीन ओर पहाड़ों से घिरे दूरस्थ ग्राम कुरूमढोढ़ा में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने गुरुवार को आम के पेड़ के नीचे जनचौपाल लगाई। उन्होंने वहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इस दौरान छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री शंभूनाथ चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे।

- सड़क-पुल, राशन, पानी व राजस्व सेवाओं पर दिए त्वरित निर्देश

कलेक्टर ने चौपाल में ग्रामीणों से आत्मीयता के साथ संवाद करते हुए गांव की मूलभूत समस्याओं जैसे राशन, आवास, पेयजल, सड़क एवं राजस्व सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली।



### राजस्व सेवाएं अब गांव के करीब

ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कुरूमढोढ़ा ग्राम के लिए रनपुर के पटवारी को प्रभार देने के निर्देश एसडीएम को दिए। पहले ग्रामीणों को राजस्व कार्यों के लिए दूरस्थ गांव ढोढ़ाअम्बा के पटवारी के पास जाना पड़ता था, जबकि कुरूमढोढ़ा रनपुर पंचायत अंतर्गत आता है। इससे ग्रामीणों को कठिनाई होती थी। अब यह सुविधा गांव के नजदीक उपलब्ध होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इस निर्णय पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए तालियां बजाकर कलेक्टर का आभार व्यक्त किया और त्वरित समाधान के लिए प्रशंसा की।

### राशन व्यवस्था और पेयजल पर त्वरित निर्णय

चौपाल में ग्रामीणों ने राशन दुकान दूर होने की समस्या बताते हुए कहा कि उन्हें राशन लेने रनपुर जाना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कुरूमढोढ़ा में ही राशन भंडारण कर स्थानीय स्तर पर वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती में नल-जल की समस्या सामने आने पर कलेक्टर ने तत्काल आवश्यक बोर खनन कराने के निर्देश दिए, जिससे पेयजल संकट दूर हो सके।

### आवास और राजस्व प्रकरणों पर भी दिए निर्देश

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने और तेजी से पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया, ताकि उन्हें पक्के मकान की सुविधा मिल सके। फौती बंटवारे के लिए तहसील जाने की समस्या पर कलेक्टर ने बताया कि अब ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से गांव स्तर पर ही ऐसे प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

### डिजिटल सेवाएं भी गांव तक

कलेक्टर ने बताया कि गांवों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से आय, जाति, निवास जैसे प्रमाण पत्र अब स्थानीय स्तर पर ही बनाए जा सकेंगे। इससे ग्रामीणों का समय, श्रम और खर्च बचेगा। यह जन चौपाल न केवल समस्याओं के समाधान का माध्यम बनी, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता और ग्रामीणों के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

## ट्रांसफार्मर खराबी से अंधेरे में डूबी बस्ती में बहाल हुई बिजली



**जशपुरनगर।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम मटासी की बस्ती में ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग 21 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहा। बिजली बाधित होने के कारण पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह प्रभावित हो गई थी और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी जैसे ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तक पहुंची, उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभागीय टीम ने तेजी से कार्य करते हुए नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया और बिजली आपूर्ति को बहाल किया।बिजली व्यवस्था पुनः शुरू होते ही गांव में रोशनी लौट आई और पेयजल आपूर्ति भी सामान्य हो गई, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। लंबे समय से समस्या झेल रहे ग्रामीणों के चेहरे पर संतोष और खुशी स्पष्ट नजर आई।

- पेयजल व्यवस्था भी हुई सुचारु

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर हुई इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह घटना दर्शाती है कि शासन प्रशासन स्तर पर जनहित सर्वोपरि है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

**जशपुरनगर।** प्यार, शादी और साथ निभाने के वादे, लेकिन पीछे छिपा था धोखा। कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।



विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अत्याचार निवारण न्यायालय ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में आरोपी वासिफ अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी सिमडेगा, झारखंड को दोषी पाया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने वर्ष 2019 से दिसंबर 2023 तक युवती को शादी का भरोसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। जब युवती ने शादी करने की बात कही तो आरोपी 3 जनवरी 2024 को अचानक उसे छोड़कर फरार हो गया। 28 वर्षीय पीड़िता कुनकुरी क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर एक दुकान में काम करती थी। वर्ष 2018 में किसी काम से जशपुर आने के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने युवती को प्रेमजाल में फंसाया और शादी का भरोसा देकर संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बाद में जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी बिना बताए भाग गया। इसके बाद युवती ने 19 जनवरी 2024 को कुनकुरी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कुनकुरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(एन) और एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(v) के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी और तत्कालीन थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह ने की थी। पुलिस ने आरोपी को वर्ष 2024 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।मामले में लोक अभियोजक अजीत रजक की पैरवी और पुलिस की विवेचना के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# प्रधानमंत्री की अपील ने जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया : कांग्रेस

**रायगढ़।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई बेरोजगारी पेट्रोल-डीजल रसोई गैस और खाद संकट से परेशान आम जनता को राहत देने के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी ने रायगढ़ कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री की बातें आम नागरिकों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी हैं। प्रेस को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने संबोधित किया।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले दो महीनों से देश की जनता डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से त्रस्त है। हर घर का बजट बिगड़ चुका है। गरीब, मध्यम वर्ग, मजदूर,



किसान और छोटे व्यापारी सभी महंगाई की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में प्रधानमंत्री की अपील से यह संदेश जा रहा है कि जनता अब और अधिक बोझ उठाने के लिए तैयार रहे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के नागरिकों को राहत देने के बजाय कम खर्च करो, कम उपयोग करो और कम काम करो जैसी मानसिकता थोपने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि सरकार की जिम्मेदारी जनता को रोजगार, राहत और सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रेसवार्ता में किसानों की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देशभर में किसानों को समय पर उर्वरक नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण खेती प्रभावित हो रही है और उत्पादन लगातार घट रहा है। किसान महंगे बीज, खाद और डीजल के कारण आर्थिक संकट में फंस चुका हैए लेकिन केंद्र सरकार किसानों की वास्तविक समस्याओं से पूरी तरह बेखबर दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्ष 2013 की तुलना में मोदी राज में सोने की कीमतें कई गुना बढ़ चुकी हैं। रोजमर्रा की हर वस्तु महंगी हो चुकी है। खाद्य सामग्री से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन तक सब कुछ आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि एक ओर देश की जनता महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही हैए वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश दौरों और प्रचार.प्रसार में करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं।

- कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने किया प्रेस को सम्बोधित

## डीएमएफ मद से 80 लाख स्वीकृत, पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग का होगा निर्माण

**रायगढ़।** जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा सड़क और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, एवं जन भावनाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग में डब्ल्यूएबीएम सड़क निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ मद से 80 लाख 89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

सड़क निर्माण कार्य के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और लोगों ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है। पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग लंबे समय से ग्रामीणों के लिए आवागमन की बड़ी समस्या बना हुआ था। बरसात के दिनों में यह मार्ग और अधिक कठिन हो जाता थाए जिससे ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। इस सड़क के निर्माण से सबसे अधिक लाभ विद्यार्थियों को मिलेगाए जिन्हें स्कूल आने.जाने में अब आसानी होगी। वहीं गर्भवती महिलाओं और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में भी सुविधा मिलेगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और मजबूत होगी। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में राहत मिलेगी और धान बेचने के लिए आवागमन आसान हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से बेहतर तरीके से जुड़ सकेगा।

## श्री जगन्नाथ मंदिर स्थापना का प्रथम वर्षगांठ महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दोकड़ा में ऐतिहासिक एवं श्रद्धा के केंद्र श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा के स्थापना प्रथम वर्षगांठ महोत्सव के तहत शुक्रवार से भव्य हरि कीर्तन अष्ट प्रहरी महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। सुबह से ही मंदिर परिसर "हरे कृष्ण हरे राम" एवं "जय जगन्नाथ" के जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं और भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा एवं झारखंड राज्य के प्रसिद्ध कीर्तन गायकों एवं मंडलियों का भव्य समागम हो रहा है। संगीतमय हरिनाम संकीर्तन, मृदंग, झांझ एवं भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। दूर-दूर से श्रद्धालु महायज्ञ एवं हरि कीर्तन में शामिल होने दोकड़ा पहुंच रहे हैं।

- दोकड़ा में चल रहा भक्ति का महासंगम



### पारंपरिक झाकियों से सजा मंदिर परिसर

मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट, पारंपरिक झांकियों एवं धार्मिक प्रतीकों से भव्य रूप दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने एवं महाप्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अनुसार संध्या आरती में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। संध्या के समय दीपों एवं भक्ति संगीत से मंदिर परिसर दिव्य आभा से आलोकित हो उठेगा।

### महायज्ञ की प्राणाहुति एवं समापन

आयोजन समिति ने बताया कि तीन दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव का समापन शनिवार को पूर्णाहुति, दधीभजन एवं नगर भ्रमण के साथ होगा। महोत्सव क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश दे रहा है।गौरतलब है कि दोकड़ा का श्री जगन्नाथ मंदिर क्षेत्र की आस्था एवं परंपरा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। वर्ष 1942 से यहां भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा परंपरा चली आ रही है, जबकि मंदिर के जीर्णोद्धार एवं भव्य निर्माण कार्य की शुरुआत वर्ष 2019 में हुई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय द्वारा मंदिर की नींव रखी गई थी तथा 25 मई 2025 को मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ था।

## शिकायत निवारण के संबंध में अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रत्येक नागरिकों को शासकीय सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए राज्य सरकार बड़ी पहल करने जा रही हैं।

राज्य सरकार सीएम हेल्पलाइन और शिकायत प्रबंधन प्रणाली छत्तीसगढ़ शुरू कर रही है। जिसे सुशासन और अभिसरण विभाग के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नागरिकों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने, सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा अपनी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण हेतु एक एकीकृत, सुलभ और विश्वसनीय माध्यम प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। इस संबंध में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में ब्लॉक और जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण सभी अधिकारियों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। यह अवश्य ध्यान रखा जाना चाहिए.कि पात्र हितग्राहियों को शासकीय सेवाओं का लाभ समय पर मिले, साथ ही वे समस्या के निराकरण से संतुष्ट नजर आए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सीएम हेल्पलाइन के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी श्री हरिओम द्विवेदी सहित एसडीएम, सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। सीएम हेल्पलाइन के प्रशिक्षण दल के प्रमुख श्री अनुराग दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम हेल्पलाइन एक केंद्रीकृत और तकनीक से संचालित शिकायत निवारण प्रणाली है। इसके माध्यम से नागरिक फोन, व्हाट्सऐप, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप या लिखित आवेदन द्वारा सरकारी सेवाओं से जुड़ी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। सभी शिकायतों का समाधान चार स्तरों के जरिए किया जाएगा, जिसमें हर स्तर पर तय समयसीमा होगी। सिस्टम में शिकायत की रियल-टाइम ट्रैकिंग, समाधान के बाद नागरिकों से फीडबैक लेना और MIS आधारित रिपोर्टिंग शामिल होगी।

बड़ी संख्या में वाहनों के खड़े होने से लोगों को हो रही परेशानी

# फारेस्ट आफिस के पास सड़क पर दिन भर लग रहा जाम

**पत्थलगांव।** फारेस्ट विभाग के आफिस के सामने सड़क किनारे सब्जी व फल ठेला लगाने व खरीदने वालों के चलते प्रतिदिन यातायात बाधित हो रही है, जिससे आनेजाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

बता दें कि बीते महीने भर से दुकानदार सड़क किनारे दुकान व ठेले लगाकर सब्जी व फल बेच रहे हैं। जिन्हें खरीदने लोग अपनी कार व बाइक सड़क में खड़ी कर चले जाते हैं। सड़क पर गाड़ियों के खड़े करने से चलने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस सड़क में हर मिनट में छोटी बड़ी वाहनों की लगातार आवाजाही होती है। आने जाने के लिए कोई और अन्य रास्ता नहीं है। उस स्थिति में कभी भी दुर्घटना घट सकती है। सब्जी बेचने वाले व फल बेचने एवं अन्य दुकानदार सड़क किनारे अपनी दुकान मजे से लगा रहे हैं। बड़ी शान से सड़क में वाहनों को खड़ा कर लोग सामानों को खरीद रहे हैं। इन सभी लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है। स्थानीय प्रशासन व्यवस्था को बेहतर बनाए जिससे अन्य लोगों को सड़क पर आवाजाही करने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।



### नहीं होती कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस में है पर कार्रवाई कहां करती है किसी को पता नहीं है। शहर की यातायात व्यवस्था सही मायने में पूरी तरह खराब हो चुकी है। कारण बस एक ही है कि लोग सड़क पर वाहन खड़े करते हैं। ट्रैफिक पुलिस को चाहिए कि लगातार ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करे जिन्हें बार बार कहने के बाद भी सड़क में वाहन खड़े कर रहे हैं। साथ ही उन दुकानदारों पर भी कार्रवाई की जाए जिनके दुकान के सामने सड़क पर वाहन खड़े हो रहे हैं।

### प्रशासन को कराया अवगत

नगर के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन को बार बार सड़क पर वाहन खड़े होने और जाम की स्थिति बनने से अवगत कराया है। उन्होंने दुर्घटना से लेकर सड़क यातायात में हो रही परेशानी से लगातार अवगत कराया है। लेकिन प्रशासन कोई बेहतर व्यवस्था बनाने की दिशा में कार्य नहीं कर रही है। इसी तरह सड़कों पर वाहन खड़े होते रहे तो लोगों को आगे भी परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## पेट्रोल पम्प मैनेजर से लूट के मामले में नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पेट्रोल पम्प के मैनेजर से 61 हजार रूपए से अधिक की लूट करने के मामले में दरिमा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में विधि से संघर्षरत बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस लूट का मास्टर माइंड पेट्रोल पम्प का पूर्व कर्मचारी ही निकला जो पूर्व में की गई चोरी के बाद काम से निकाले जाने से नाराज था।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी शिवचंद वर्मा आ. अर्जुन प्रसाद वर्मा मैनपाट के कुम्हारता नचाई स्थित वेदिका पेट्रोल पंप का मैनेजर है। मैनेजर शिवचंद वर्मा 7 मई को वेदिका पेट्रोल पंप से हिसाब किताब करने के बाद नगदी रकम 61 हजार 670 रूपए लेकर वापस अम्बिकापुर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में नचाई चौक के पास दो बाईक में चार नकाबपोश लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की दमकी दी। लुटेरे मैनेजर के पास रखा नगदी रकम, मोबाइल फोन, हिसाब किताब की डायरी और बाइक लूटकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत मैनेजर ने पुलिस से की थी जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। दरिमा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने दरिमा से गांधीनगर के बीच सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज की जांच की इसके साथ ही लोगों से पूछताछ की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज व लोगों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान दुर्गेश, आकाश झारिया, निशांत नगेसिया एवं एक अन्य के रूप में की। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।



# पैरा क्रिकेटर आमिर पर बनेगी बायोपिक, निशिल करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर पैरा क्रिकेट टीम के कप्तान आमिर हुसैन लोन अपनी जबरदस्त काबिलियत के लिए जाने जाते हैं। वह उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो छोटी-छोटी बातों पर मायूस हो जाते हैं।

आमिर के दोनों हाथ नहीं हैं। वह गर्दन और कंधे में बैट फंसा कर बैटिंग करते हैं। वह पैरों से गेंदबाजी करते हैं। उनकी जिंदगी पर एक फीचर फिल्म बनने वाली है। कान फिल्म फेस्टिवल में इसका ऐलान हुआ है। इस अपकमिंग फिल्म का निर्देशन निशिल शेठ करेंगे। वह भारतीय लेखक और निर्देशक हैं। उनकी पहली फीचर फिल्म 'भस्मासुर' का प्रीमियर अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल सर्किट में हुआ था। इस फिल्म को कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार मिले थे।

## लाइफ Style

# तारा
## काले चश्मे ने जड़ दिए चार चांद


कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में तारा सुतारिया ने पहले लुक से सबका ध्यान खींचा था। अब उन्होंने एक और खूबसूरत लुक के साथ वापसी की है। इस बार उन्होंने भारी-भरकम गाउन की जगह सरल और एलिगेंट स्टाइल चुना, जिसमें वह बेहद हसीन दिख रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तारा ने यह ब्लैक ड्रेस लुक 'रेड सी वुमन इन सिनेमा' के कार्यक्रम के लिए लिया है। रोमानियाई डिजाइनर रिया कोस्टा की इस ड्रेस को तान्या घावरी ने स्टाइल किया है। तारा ने ब्लैक ड्रेस में डलीला नाम का ऑफ-शोल्डर कॉर्सेट टॉप पहना है, जो शरीर पर अच्छे से फिट बैठता है। इसके साथ मैचिंग काली मिडी स्कर्ट है, जिसमें हल्की प्लेट्स और पीछे छोटी सी स्लिट बनी है। तारा का यह पूरा लुक क्लासिक काले रंग का है, जो न ज्यादा भड़कीला है और न ही पुराना लगता है। जो बहुत महंगा और स्टाइलिश दिखता है। कान जैसे बड़े फेस्टिवल में जहां भारी गाउंस हर तरफ दिखते हैं, तारा का यह एलिगेंट और ताजा लुक अलग और खास है। एक्सेसरीज की बात करें तो तारा ने विंटेज शनेल इयररिंग्स के साथ सेंट लॉरेंट के काले सनग्लासेस पहने हैं। इसके साथ तारा ने जिमी चू हील्स से अपने लुक को और भी इनहैंस किया है। तारा सुतारिया ने ज्यादा गहने नहीं पहने। हल्का मेकअप, तरोताजा चेहरा और सुंदर बालों के साथ उन्होंने अपने पूरे लुक को परफेक्ट बनाया है। तारा ने इस लुक से साबित कर दिया कि रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरने के लिए भारी गाउन की जरूरत नहीं है।



## हॉलीवुड मसाला



# विन का मस्ती भरा अंदाज

**पेरिस।** द फास्ट एंड द फ्यूरियस की स्टार कास्ट कान फेस्टिवल में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंची थी। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले रेड कारपेट पर स्टार कास्ट का मस्ती भरा अंदाज भी दिखा। विन डीजल ने तो महफिल ही लूट ली। फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले इनका मस्ती भरा अंदाज भी देखने को मिला। विन डीजल फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' के लीड एक्टर हैं। इस फ्रैंचाइज फिल्म का वह अहम हिस्सा हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में वह सबसे ज्यादा मस्ती करते दिखे।



# फीफा विश्व कप में शकीरा-मैडोना और बीटीएस करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में दर्शकों को खेल के साथ-साथ फुल एंटरटेनमेंट भी मिलने वाला है। क्योंकि, फाइनल में एक नहीं बल्कि कई इंटरनेशनल स्टार्स की परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। टूर्नामेंट के पहले हाफटाइम शो में मैडोना, शकीरा और बीटीएस के कलाकार परफॉर्म करते नजर आएंगे। इन कलाकारों के नाम आज घोषित कर दिए गए हैं। ग्लोबल सिटिजन ने इस बारे में घोषणा करते हुए बताया कि मैडोना, शकीरा और बीटीएस के आर्टिस्ट 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होने वाले विश्व कप फाइनल में परफॉर्म करेंगे। बिलबोर्ड के अनुसार, हाफटाइम शो लगभग 11 मिनट का होगा। यह घोषणा एक मजेदार सोशल मीडिया वीडियो के जरिए की गई, जिसमें कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ एल्मो, कुकी मॉन्स्टर, करमिट और मिस पिग्गी जैसे पॉपुलर किरदार नजर आए।



# राकेश ने कहा, अब मेरा चालान मत काटना


**मुंबई।** धुरंधर और धुरंधर 2 के बाद से ही राकेश बेदी इंटरनेट पर सबके फेवरेट बने घूम रहे हैं। हालांकि, इस वक्त वो सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए नहीं बल्कि एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। दिग्गज एक्टर का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें उन्हें ट्रैफिक पुलिस के कुछ अधिकारियों ने पहचान लिया है और वे फिल्म 'धुरंधर' में उनके किरदार से याद कर रहे थे। हमेशा की तरह अपने जाने-पहचाने अंदाज में बेदी ने जरा भी हिचकिचाए बिना तुरंत अपने स्वाभाविक मजाकिया अंदाज में कहा, 'अब चालान मत काट देना।' यूट्यूब शो 'द बॉम्बे जर्नी' के नए एपिसोड के एक क्लिप में राकेश बेदी नज़र आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा था, 'ऐसा रोज-रोज नहीं होता कि आप ट्रैफिक पुलिस को फैनबॉय बनते हुए देखें!'



# किंग से लीक हुआ अभिषेक का धांसू लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म किंग अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। फिल्म से शाहरुख खान का लुक पिछले साल मेकर्स ने जारी किया था। इसके बाद बीते दिनों शूटिंग के दौरान के फोटो-वीडियो सामने आए थे, जहां शाहरुख के साथ दीपिका नजर आई थीं। अब फिल्म से अभिषेक बच्चन का लुक ऑनलाइन लीक हो गया है। अब ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल है। फिल्म को लेकर सामने आई रहीं चर्चाओं के मुताबिक, अभिषेक किंग में विलेन के रूप में नजर आएंगे। ऑनलाइन लीक हुए लुक में भी उनका खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। वायरल हो रही फोटो में अभिषेक बच्चन एक गाड़ी के ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं। उनके हाथों में शॉटगन है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर काम नहीं करना चाहते थे सचिन, 'तू तू, मैं मैं' सीरियल ने बदली सोच

**नई दिल्ली।** हिंदी और मराठी फिल्मों में पिछले कई दशक से सक्रिय अभिनेता सचिन पिलगांवकर ने यूं तो टीवी में प्रतिशोध, तू तोता मैं मैना समेत कई धारावाहिकों में काम किया है। साथ ही कई धारावाहिकों का निर्देशन भी किया है। हालांकि, एक समय था, जब वह टीवी को निचले स्तर का काम समझते थे। उनका सोच बदला धारावाहिक तू तू,मैं मैं की सफलता के बाद। इस बारे में सचिन कहते हैं- मेरे एक दोस्त हैं, श्रेय गुलेरी। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम हमारे लिए धारावाहिक बनाओ। उस समय मैं टीवी माध्यम को थोड़ा निचले स्तर का देखता था, जो कि गलत था। मैंने उनसे कहा कि नहीं यार, टीवी में काम नहीं करना है। मैं फिल्मों में काम करने वाला आदमी हूं, वहीं रहने दो। उन्होंने छह महीने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। उनके बार-बार कहने पर मैंने उनके साथ मीटिंग की। तब उन्होंने बताया कि वह बड़े स्तर पर फतांसी धारावाहिक बनाना चाहते हैं। उनके प्रोडक्शन में बना धारावाहिक चंद्रकांता इससे पहले दूरदर्शन पर सुपरहिट हो चुका था। लेखक संजीव कपूर ने कुछ दिनों पहले मुझे सास बहू की एक कहानी सुनाई थी, उसका नाम भी उन्होंने सास बहू ही रखा था।

## आप स्टार कहां हैं..डैडी हैं : कश्मीरा

**मुंबई।** सब कुछ बच्चों के हिसाब से होता है। मां बनने के बाद अभिनेत्री कश्मीरा शाह के लिए जिंदगी कैमरे तक सीमित नहीं रही। उनका हर फैसला बच्चों के आसपास घूमता है। मां बनने के बाद कश्मीरा ने छह साल तक काम से दूरी बनाई थी, लेकिन फिर उन्हें समझ आया कि कामकाजी मां होना जरूरी है। वह कहती हैं कि भले ही कामकाजी महिला को मॉम गिल्ट होता है, मुझे भी है, लेकिन यह अपनी पहचान खोने से बेहतर है। मैंने और कृष्णा (अभिषेक) ने तय किया था कि जब वह काम करेंगे तो मैं नहीं करूंगी, जब मैं करूंगी तो वो घर पर रहेंगे। कृष्णा को मुझसे ज्यादा काम मिल रहा था, मैं बच्चों की परवरिश के लिए कई कामों को मना कर रही थी, लेकिन फिर एक दिन वास्तविकता से सामना हुआ। मैं स्क्वाश खेलकर आई थी, स्पोर्ट्स के कपड़ों में थी। मेरी बिल्डिंग की पार्किंग में कई बार कारपेंटर अपना सामान रख देते हैं। कुछ वर्कर्स मुझे घूर रहे थे। मेरे छोटे बेटे को गुस्सा आया। मैं उससे यह नहीं कह सकती थी कि मैंने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, इसलिए शायद वे मुझे देख रहे होंगे। मैंने कहा कि आपकी मां स्टार हैं, इसलिए देख रहे हैं। बेटे ने कहा कि आप स्टार कहां हैं वो तो डैडी हैं।

# कैलोरी के लिए अनुपम को मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड



**मुंबई।** अनुपम खेर ने कनाडाई-भारतीय फिल्म 'कैलोरी' में बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म में शानदार काम के लिए अनुपम को यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2026 की ओर से बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फ्लेम अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म की डायरेक्टर ईशा मरजारा हैं। फिल्म को फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर करते हुए लिखा कि 'कैलोरी' में उनका यह रोल उनके करियर की सबसे ज्यादा इमोशनल और मुश्किल परफॉर्मेंस में से एक था। उन्होंने बताया कि यह किरदार असल जिंदगी की कहानियों से प्रेरित था, इसलिए यह उनके लिए बहुत चुनौती भरा और थकाने वाला अनुभव रहा। अनुपम खेर ने आगे लिखा, 'दशकों तक इंडस्ट्री में काम करने के बाद विदेशी फिल्म के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर तारीफ मिलना बहुत अच्छा लगता है।' इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी, खासकर डायरेक्टर ईशा मरजारा और प्रोड्यूसर जो ब्लास को। साथ ही फेस्टिवल की जूरी को भी धन्यवाद कहा। अनुपम को यह सम्मान मिलने की खुशी में कई फिल्मी हस्तियों ने उन्हें बधाई दी है। नीना गुप्ता ने कमेंट में लिखा, 'बधाई हो', अशोक पंडित ने लिखा, 'तहे दिल से बधाई हो खेर साहब।' अनुपम खेर 15 और 16 मई को मुंबई के टाटा थिएटर में अपने नाटक 'जाने पहचाने अनजाने' के साथ स्टेज पर वापसी करने वाले हैं।

# रामायण की रिलीज से पहले रणबीर ने अयोध्या में खरीदी जमीन

**मुंबई।** रणबीर कपूर अब फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। फिल्म में रणबीर, भगवान राम का किरदार निभाने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज के बीच एक्टर को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है जो काफी चर्चा में है। रणबीर ने अयोध्या में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के एक प्रीमियम रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द सरयू' में जमीन खरीदी है। इस डील की कीमत लगभग 3.31 करोड़ है। डेवलपर ने बताया कि यह जमीन 2,134 वर्ग फीट की है और यह शहर लग्जरी ब्रांडेड प्लॉटेड डेवलपमेंट की बढ़ती मांग को दिखाता है। यह पूरा प्रोजेक्ट सरयू नदी के किनारे स्थित 75 एकड़ का प्रोजेक्ट है। इसे The Sarayu by HoABL नाम दिया गया है। इसमें एक क्लबहाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और पांच एकड़ में फैला शाकाहारी लग्जरी होटल होगा। इसको द लीला चलाएगा। रणबीर कपूर ने कहा, 'मेरा मानना है कि अयोध्या ने मुझे चुना है और मैंने बस इसका जवाब दिया है। अयोध्या हमारे इतिहास में गहराई से बसा हुआ है और हमारी सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा है।



# 56 सालों से रूठे सजन को मना रहा लता का गाना, आज भी कल्ट है आशा का सॉन्ग

**नई दिल्ली।** आशा पारेख हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं। अपने सुनहरे एक्टिंग कॅरियर में उन्होंने कई शानदार मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। उनकी इन फिल्मों के कई गाने ऐसे हैं, जो आज के दौर में भी चर्चित रहते हैं। ऐसे ही एक गीत के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे 56 साल पहले लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। अभिनेत्री आशा पारेख के जिस गाने के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, वह 1970 में आई फिल्म आन मिलो सजना से नाता रखता है। इस मूवी में राजेश खन्ना और विनोद खन्ना जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिका को निभाया था। आन मिलो सजना उस दौर की सबसे सफल मूवीज में शुमार हुई थी। जिसका एक बड़ा कारण मूवी का तेरे कारण मेरे साजन रोमांटिक गाना बना था। तेरे कारण मेरे साजन... गीत को सुरों की कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी और आज रिलीज के 56 साल बाद भी उनका ये सॉन्ग कल्ट माना जाता है। श्रोता इसे सुनना पसंद करते हैं और इस वजह ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है।



## आज फिल्मों और सीरीज का लगेगा मेला, मनोरंजन का मिलेगा डोज

# सिनेमाहॉल में 2 और ओटीटी पर 7 धांसू सीरीज-फिल्मों का होगा कब्जा

*हर शुक्रवार को फिल्ममेकर्स की धड़कने बढ़ी रहती हैं। सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पर हर फ्राइडे को कोई न कोई ऐसी फिल्म या सीरीज रिलीज होती है, जो दर्शकों को वीकेंड पर बोर होने का मौका नहीं देती। हम अब मई के महीने के तीसरे शुक्रवार में कदम रख रहे हैं और इस वीक न सिर्फ सिनेमाघरों में बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं, बल्कि ओटीटी पर भी सस्पेंस से भरपूर फिल्में और सीरीज मिलने वाली हैं...*




### इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2

जियो हॉटस्टार एक बार फिर से फीयरलेस पुलिस ऑफिसर की दमदार कहानी के सीजन 2 क साथ लौट रहा है। इंस्पेक्टर अविनाश का दूसरा सीजन रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है, जिसमें रणदीप हुड्डा एक बार फिर से अविनाश मिश्रा का दमदार किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इस बार अविनाश एक राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार होगा। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार ,जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन

स्पेनिश क्राइम थ्रिलर बर्लिन के दूसरे सीजन में एक बार फिर से पेड्रो अलोंसो अपने करिश्माई मास्टरमाइंड अवतार में दिखाई देंगी। यह मनी हाइस्ट का प्रीक्वल है। इस बार, बर्लिन लियोनार्डो दा विंची की प्रसिद्ध कृति 'द लेडी विद एन एरमाइन' को चुराने की तैयारी में है। हालांकि, यह चोरी उसे उसके असली मिशन से भटकाने वाली है। रिलीज डेट- 15 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

### पति-पत्नी और वो दो

एक नहीं दो नहीं, इस बार पति प्रजापति की मुसीबत तीन गुना ज्यादा बढ़ने वाली है, क्योंकि इस बार अपनी पत्नी के अलावा दो और खूबसूरत लड़कियों के चक्कर में फंसने वाला है। आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।

### एग्जाम

एग्जाम एक इंटेंस क्राइम ड्रामा सीरीज है, जिसकी कहानी एक यंग लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बड़े रीजनल पब्लिक सर्विस एग्जाम स्कैम का भांडा फोड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर होने का नाटक करती है।

### कर्तव्य

सैफ अली खान नेटफ्लिक्स पर एक नई दिलचस्प क्राइम थ्रिलर फिल्म के साथ लौट रहे हैं। कहानी एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की है, जिसकी ड्यूटी में एक बड़े हाई-प्रोफाइल जर्नलिस्ट की मौत हो जाती है। जब पवन मलिक का किरदार निभाने वाले सैफ अली खान इस केस की जड़ तक जाते हैं, तो उसके सामने यह खुलासा होता है कि इस बड़े षड्यंत्र से कोई शक्तिशाली धर्म गुरु जुड़ी हुई हैं।

### इट्स नॉट लाइक दैट

आठ एपिसोड की इस सीरीज में परिवार, दुःख और दूसरे मौके की जटिलताओं को बड़ी ही गहराई से दर्शाया जाएगा। मैल्कम एक विधवा महिला हैं, जिन्होंने तीन बच्चों को अकेले पाला-पोसा है। लॉरी, जिसका अभी-अभी तलाक हुआ है और वह दो किशोरी बच्चों की मां है। कैसे सिंगल पैरेंट होने की वजह से उन्हें जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यही इसमें दिखाया जाएगा।

### द क्रैश

नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल क्राइम डॉक्यूमेंट्री सीरीज में मैकेंजी शिरिला केस से जुड़े कई शॉकिंग खुलासे होने वाले हैं। जहां ये पता चलेगा कि कार दुर्घटना एक सोची समझी साजिश है। इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज में यह पता चलेगा कि कैसे पूरी प्लानिंग करके शिरिला ने जानबूझकर अपनी कार को दीवार से टकरा दिया।

## खबर संक्षेप

### राजस्व मामलों के निराकरण के लिए कार्य विभाजन

**रायगढ़।** कलेक्टर द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए प्रशासनिक कार्य विभाजन संबंधी आदेश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ भू.राजस्व संहिता, 1959 में हुए संशोधन के तहत अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण कार्य हेतु अधिकारियों को तहसीलवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो को लैलूंगा, मुकड़ेगा एवं खरसिया तहसीलों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अपर कलेक्टर रवि राही को घरघोड़ा, तमनार, धरमजयगढ़, छाल एवं कापू तहसीलों का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में लंबित राजस्व अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण कार्य को प्राथमिकता से सुनिश्चित करेंगे, ताकि आमजनों को त्वरित राहत मिल सके। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### निजी प्रेक्टिशनर 25 तक कर सकते हैं आवेदन

**रायगढ़।** जिले में संचालित छात्रावास आश्रमों में वर्ष 2026-27 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु रायगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एमबीबीएसए बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं छात्रावास आश्रम के लिए 25 मई 2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक चिकित्सक अपना आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास आश्रमों में छात्र.छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपए प्रतिभ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा।

### स्वप्निल को वित्त मंत्री ने दी बधाई

**रायगढ़।** रायगढ़ निवासी और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक युवा फिल्मकार स्वप्निल कोत्रीवार को उनकी फिल्म मछली जल की के निर्माण पर वित्त मंत्री ओपी चौधर ने बधाई दी हैं। श्री चौधरी ने कहा स्वप्निल ने रायगढ़ की प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित किया है। प्रतिष्ठित संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी जड़ों से जुड़ी सार्थक सिनेमा की रचना करना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ऐसी फिल्मों का निर्माण और प्रसार अत्यंत आवश्यक है जो समाज को सकारात्मक संदेश देती हैं तथा मानवीय संवेदनाओं को सदैव जीवंत बनाए रखती हैं। मछली जल की जैसी रचनाएं केवल मनोरंजन नहीं करतींए बल्कि समाज का आईना बनकर सोचने पर मजबूर भी करती हैं। वित्त मंत्री ने कहा श्स्वप्निल की यह उपलब्धि रायगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा है। मुझे विश्वास है कि वे अपनी रचनात्मकता से भारतीय सिनेमा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

**न्यायालय तहसीलदार, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202603041000049/82/अ-21/ 2025-26
साकिन-घरघोड़ा प.ह.न. 14

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश मित्तल पिता शिव कुमार मित्तल उर्फ प्रहलाद राय जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 15 लैलूंगा रोड घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम घरघोड़ा प.ह. नंबर 14 तहसील घरघोड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 440/9 रकबा 0.013 हे. भूमि आवेदक के हक, स्वामित्व एवं नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि व्यपवर्तित भूमि है। आवेदक उक्त भूमि का दानग्रहिता ईशान मित्तल पिता राजेश मित्तल के पक्ष में दान पत्र निष्पादित करना चाहता है। उक्त भूमि को प्रस्तावित दानग्रहिता के पक्ष में दान पत्र निष्पादित करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आबंटन आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 2.06.2026 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में जिसे किसी को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति दिनांक 2.06.2026 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार, घरघोड़ा**

## खनिज न्यास मद से 19.20 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

# डीएमएफ से संवरेगी खनन प्रभावित क्षेत्र के युवाओं का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। विशेष रूप से लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ क्षेत्र के 15 लाभार्थी युवाओं को आईएचएम रायपुर में हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाया जाएगा। इन विद्यार्थियों का पूरा शैक्षणिक सत्र 2026-27 एक वर्ष के लिए डीएमएफ मद से पूर्णतः वित्तपोषित रहेगा, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

लैलूंगा और धरमजयगढ़ विकासखंड के उन युवाओं के लिए यह पहल उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है, जो आर्थिक या सामाजिक परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं। डीएमएफ ;जिला खनिज संस्थान न्यासद्ध मद से 19 लाख 20 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने की ठोस पहल की गई है। यह स्वीकृति कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर प्रदान की गई है।

### सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में महतत्वपूर्ण कदम

लैलूंगा और धरमजयगढ़ जैसे खनन प्रभावित क्षेत्रों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्षों से संसाधन आधारित इन क्षेत्रों में शिक्षा और रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए यह पहल युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी। शिक्षा और कौशल विकास ही क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास की कुंजी है। इस निर्णय से न केवल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक विकास, आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन को भी नई गति प्राप्त होगी।

### इन क्षेत्रों में युवाओं का बनेगा भविष्य

इसी उद्देश्य से रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद का उपयोग युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में किया जा रहा है, जिससे खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को नर्सिंग, चिकित्सा शिक्षा, इंजीनियरिंग, विधिए प्रबंधन, उच्च शिक्षा, व्यवसायिक पाठ्यक्रम, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन के लिए सहायता उपलब्ध हो सके ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इस प्रकार के रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाए।

## सुशासन तिहार में मिले 13 आवेदन, मौके पर निराकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सरिया नगर पंचायत क्षेत्र में 14 मई को सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी अपनी समस्याओं एवं आवश्यक दस्तावेज संबंधी कार्यों को लेकर पहुंचे। शासन की मंशानुरूप आम जनता को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर में विशेष रूप से राजस्व विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यों का मौके पर ही निराकरण किया गया। विभाग को प्राप्त कुल 13 आवेदनों में से 04 आवेदनों का तत्काल निराकरण करते हुए हितग्राहियों को मंच से ही प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इनमें 02 आय प्रमाण पत्रए 01 निवास प्रमाण पत्र एवं 01 जाति प्रमाण पत्र शामिल हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। वहीं विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि शेष प्राप्त आवेदनों का भी समय.सीमा के भीतर नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा किसानों को भी महत्वपूर्ण लाभ प्रदान किया गया। शिविर में 05 किसानों को नामांतरण उपरांत डिजिटल किसान किताब प्रदान की गई तथा फौती उपरांत बी.1 दस्तावेज प्रदाय किए गए। किसानों ने कहा कि डिजिटल किसान किताब मिलने से उन्हें भविष्य में बैंकिंग, ऋण एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों में सुविधा होगी। शासन की इस पहल से किसानों में भी उत्साह देखा गया। आय एवं जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने मंच से माननीय मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। हितग्राहियों ने कहा कि पहले छोटे-छोटे प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कई दिनों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सुशासन तिहार जैसे शिविरों के माध्यम से तत्काल समाधान मिल रहा है। इससे आम जनता का समय एवं आर्थिक खर्च दोनों बच रहे हैं।

## पिपरडुला सरसीवां में कल सर्व रविदास समाज की जिला स्तरीय महाबैठक

**समाज को संगठित करने जुटेंगे हजारों समाजजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सर्व रविदास समाज जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा समाज को संगठितए शिक्षित एवं आर्थिक.सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 17 मई रविवार को ग्राम पंचायत भवन पिपरडुला सरसीवां में जिला स्तरीय सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया है। यह महत्वपूर्ण बैठक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी जिसमें जिले भर से समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति की संभावना जताई जा रही है। बैठक को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में निवासरत सर्व रविदास समाज के प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है, ताकि समाज की एकता और संगठन को और मजबूत किया जा सके। इस जिला स्तरीय बैठक में समाज के विकास, शिक्षा, आर्थिक उत्थान, सामाजिक एकजुटता एवं संगठन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही जिले में शेष बचे पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन भी किया जाएगा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रहेगी कि छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड रायपुर के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त ध्रुव कुमार मिर्धा सहित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होकर समाजजनों को संबोधित करेंगे। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास के रिश्तेदारों एवं सामाजिक बंधुओं को भी बैठक में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंए ताकि समाज की ताकत और एकता का परिचय दिया जा सके। बैठक स्थल पर भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई है। जिला अध्यक्ष बंशी लाल मिरी ने कहा कि यह बैठक समाज के भविष्य की दिशा तय करने वाली ऐतिहासिक बैठक साबित होगी, जिसमें समाज हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

### रेण्डमाइजेशन एवं कमीशनिंग कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अंतर्गत पार्षद पद का निर्वाचन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम के माध्यम से कराया जाना है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत ईव्हीएम के प्रबंधन, रेण्डमाइजेशन, कमीशनिंग एवं अन्य संबंधित कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोगए रायपुर द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती वर्षा तिवारी को नोडल अधिकारी ईव्हीएम नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला अंत्यावसायी विभाग रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बाबूभाई श्रीवास तथा सहायक अधीक्षक भू.अभिलेख रायगढ़ मनोज पटेल को ईव्हीएम के सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्वाचन संबंधी समस्त कार्य आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं दिशा.निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे।

### डीएमएफ मद से 80 लाख स्वीकृत, पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग का होगा निर्माण

रायगढ़। जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा सड़क और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, एवं जन भावनाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग में डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ मद से 80 लाख 89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण कार्य के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और लोगों ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## जिंदल फाउंडेशन की पहल, 27 विद्यार्थियों का एकलव्य विद्यालय के लिए चयन

**प्लांट और माइंस क्षेत्र के स्कूल के बच्चों को दी गई थी कोचिंग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए तैयार करने हेतु जिंदल फाउंडेशन, सीएसआर मद से कोचिंग क्लास शुरु की गई है। इन कक्षाओं में कोचिंग ले रहे विद्यार्थियों का चयन सैनिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आदिवासी विद्यालयों के लिए हुआ है। अयान उरांव का सैनिक स्कूल और जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है वहीं रजत साहू और शिवम महंत का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है।

जिंदल फाउंडेशन द्वारा जिंदल थर्मल एवं पॉवर प्लांट तथा मांइस क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के स्कूलों में जरूरत के अनुसार काम कराए जा रहे हैं। वहीं अब प्रायमरी स्कूल के भी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा पिछले साल अक्टूबर 2025 में राबो, सलिहाभांठा, जरेकेला, छर्राटांगर, डोकराबुड़ा ओर तमनार में विषेश कोचिंग क्लास की शुरूआत की गई है। इन सेंटरों में शिक्षकों की भी नियुक्ति की गई है। उनके द्वारा दी गई कोचिंग के कारण विद्यार्थियों को शैक्षणिक माहौल मिल रहा है। इसके अलावा दस और नए कोचिंग सेंटर प्रस्तावित है। प्लांट और माइंस एरिया के 31 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें 23 प्लांट एरिया के गांवों के तथा 8 माइंस एरिया के स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हैं।

### एकलव्य विद्यालय के लिए इनका हुआ चयन

कुसुम राठिया, भानूमति राठिया, विपिन तिर्की, आराध्या मांझी, सूरज सिदार, आशीष परजा, युगेश राठिया, लीलिमा सिदार, आरूशि मिंज, वंश राठिया, साक्षी भगत, सौर्य कुमार राठिया, रीमा राठिया, लता ढोबा, अनन्या नायक, क्षितिज राठिया, यामिनी राठिया, पायल राठिया, रामनाथ राठिया, शीलधर राठिया, सिया सिदार, राहुल खंडैत, नेहा सिदार, छबि सिदार, तुषार भगत, गुंजन सिदार, वर्षा खंडैत का चयन एकलव्य आदर्श आदिवासी विद्यालय के लिए हुआ है। अयान उरांव सैनिक स्कूल अंबिकापुर, रजत और शिवम जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर और अन्य विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय छर्राटांगर, खरसिया, लैलूंगा, धरमजयगढ़ में प्रवेश लेंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच, लापरवाह कार्यकर्ता सहायिकाओं का मानदेय कटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




### इन पर हुई कार्रवाई

प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कयाघाट बी की कार्यकर्ता श्रीमती मेनका कुर्रे एवं सहायिका निकिता चौहानए सिंघल सॉमिल केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता वारे एवं सहायिका श्रीमती राजमति मालीए सरईभदर केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती पदमा सारथी एवं सहायिका श्रीमती सोनी जायसवाल तथा गांधीनगर सी केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती शिवनंदनी भास्कर एवं सहायिका श्रीमती सीमा बर्मन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 14 मई 2026 के एक दिवस के मानदेय की कटौती के आदेश जारी किए गए हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में लापरवाही बरतने वाले कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ द्वारा शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गयाए जिसमें केंद्र संचालन में गंभीर अनियमितताएं और जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही सामने आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने संबंधित कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के एक दिवस के मानदेय में कटौती करने के आदेश जारी किए हैं।
निरीक्षण के दौरान एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत कयाघाट बीए सिंघल सॉमिल, सरईभदर एवं गांधीनगर सी आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जांच में पाया गया कि कई केंद्रों में संचालन कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा था। केंद्र संचालन में लापरवाही पाए जाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## 515 किसानों के टांकों में तैयार हो रहा शैवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए बड़े स्तर पर नील हरित शैवाल उत्पादन एवं उपयोग की कार्ययोजना तैयार की गई है। धान और अन्य फसलों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने और इस खाद का उपयोग कराने और इसके अनेकों फायदे को किसानों तक पहुंचाने के लिए जिला पंचायत, कृषि, खाद्य, सहकारिता और विपणन और उद्यानिकी विभागों की संयुक्त बैठक लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है।

जिले में हरी खाद एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत जिले के 95 चिन्हांकित गौठानों के 309 टांकों में नील हरित शैवाल तैयार किया जाएगा। इसके लिए 463.50 किलोग्राम मदर कल्चर का उपयोग किया जाएगा, जिससे लगभग 7725 क्विंटल नील हरित शैवाल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इस जैविक खाद का उपयोग 772.5 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रायोगिक तौर पर किया जाएगाए जिससे अनुमानित 38.18 मीट्रिक टन तक यूरिया की खपत में कमी आने की संभावना है। यह पहल किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती की ओर प्रेरित करेगी। गौठानों के चयन में रायगढ़ विकासखंड के 17, खरसिया के 5, तमनार के 6, पुसौर के 11, धरमजयगढ़ के 17, घरघोड़ा के 13 तथा लैलूंगा के 26 गौठान शामिल किए गए हैं। प्रशासन द्वारा चरणबद्ध तरीके से मदर कल्चर वितरण की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। शासकीय कृषि प्रक्षेत्र बेहरामार, धरमजयगढ़ में लगभग 6 क्विंटल मदर कल्चर 17 मई को प्राप्त होगा। इसका वितरण 18 मई को उप संचालक कृषि कार्यालय रायगढ़ परिसर से रायगढ़, पुसौर, खरसिया एवं तमनार विकासखंडों के प्रथम चरण के चयनित टांकों हेतु किया जाएगा। वहीं धरमजयगढ़, घरघोड़ा एवं लैलूंगा विकासखंड सीधे बेहरामार से कल्चर प्राप्त करेंगे। लैलूंगा विकासखंड को प्रारंभिक रूप से 30 किलोग्राम कल्चर उपलब्ध भी करा दिया गया है।

## युवाओं ने साइकिल रैली निकाल कर दिया ऊर्जा बचाने का संदेश



**सरिया।** गुरुवार की शाम सरिया में युवाओं ने साइकिल रैली का आयोजन कर जनता से साइकिल या पैदल चलने की अपील की। रैली में हाथ में झंडा लिए कार्यकर्ताओं ने देश के वास्तेए मोदी जी के रास्ते के नारे लगाते हुए नगर में जन जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली का नेतृत्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष ने किया। उन्होंने कहा कि युद्ध को देखते हुए पीएम मोदी ने संसाधन और डीजल पेट्रोल बचाने की अपील की। इसका असर पूरे देश में हो रहा है। इसी कड़ी में सरिया में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली का आयोजन किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में जिला भाजपा उपाध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली कर जन जागरूकता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल डीजल के सीमित और जिम्मेदार उपयोग का समर्थन करने की अपील करते हुए गुरुवार शाम 6 बजे नगर में आम जनता को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित किया और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिल यात्रा की आयोजन किया ।नगर के अटल चौक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार ने कहा कि आज की बचत कल की सुरक्षा है। आम जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि छोटे.मोटे कामों के लिए साइकिल का उपयोग करने की बात कही। उन्होंने साइकिल रैली के दौरान नगर के सभी पेट्रोल पंप पहुंचकर लोगों को हाथ जोड़कर निवेदन किया कि इंधन की बचत करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा में भी योगदान दें। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी ने भी पेट्रोल डीजल की खपत कम करने तथा विदेशी मुद्रा की बचत करने की अपील किया।

## रेत परिवहन के जद्दोजहद में निजी खेतों को नुकसान पहुंचा रहे माफिया

**पुसौर।** कंपनियों में रेत खपाने का काम इन दिनों जोरो पर चल रहा है जिसके लिए लोग पोकलेन, डम्फर का सहारा ले रहे हैं और नदी से सीधे रेत ढुलाई का कार्य कर रहे हैं। खनिज विभाग से इसकी स्वीकृति नहीं है और न हीं इस अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई हो रही है। इसलिए इनका मनोबल इतना बढा हुआ है कि निजी खेतों में लगे फसल और वहां लगे बड़े-बड़े पेडों में आग लगाकर अपने आने-जाने का रास्ता साफ कर रहे हैं। यह स्थिति पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम कांदागढ का है। जानकारी के मुताबिक कांदागढ पंचायत के पूर्व सरपंच श्रीमती सोमती सिदार तथा उनके परिवार जनों के कई एकड कब्जे काष्त की जमीन केलोनदी के किनारे स्थित है जहां उन्होंन फसल उगाते हैं साथ ही पर्यावरण संरक्षण से जुड़े होने के कारण पौध रोपण भी करते रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त